आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



## तेली साहू महासंगठन ने पुतला फूंका

# तेली समाज के प्रति सरकार उदासीन है : हरिनाथ साहू



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** तेली समाज के लोगों की लगातार हो रही हत्याओं से आक्रोशित तेली समाज के लोगों ने राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के बैनर तले रविवार को राज्य सरकार का पुतला फूंका। रांची जिला अध्यक्ष कुंज बिहारी साहू की अध्यक्षता में जिला स्कूल से पदयात्रा कर रांची के अल्बर्ट एक्का चौक के समीप पुतला दहन किया गया। इस मौके पर कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू ने कहा कि राज्य में तेली साहू समाज सुरक्षित नहीं है। लगातार इस समाज के लोगों की हत्या हो रही है। सरकार और प्रशासन इसे रोकने में विफल रही है। अपराधियों में प्रशासन का डर खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि 11 अगस्त को मुकेश कुमार साहू और रोहन कुमार साहू की हत्या कर दी गयी। वहीं 12 अगस्त को राजेंद्र प्रसाद साहू के ऊपर जानलेवा हमला हुआ। इससे स्पष्ट हो जाता है कि राज्य सरकार में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है और तेली समाज के प्रति सरकार पुरी तरह उदासीन है। कहा कि महासंगठन हेमंत सरकार से मांग करता है कि हत्यारों और हमलावरों की गिरफ्तारी अविलंब हो अन्यथा उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस मौके पर रामविलास साहू, बलदेव साहू, अजीत साहू, संजय साहू, शत्रुघ्न साहू, पंकज साहू, रूपेश साहू, कपिल साहू, छात्रधारी साहू, सुखदेव कुमार सहित कई अन्य मौजूद थे।

# महिला समिति ने बच्चों के साथ मनाया रक्षाबंधन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के बरियातू के आरोग्य भवन स्थित वनवासी कल्याण केंद्र में रांची महिला समिति की ओर से रविवार को संचालित एकल विद्यालय के बच्चों के साथ रक्षाबंधन उत्सव मनाया गया। वनवासी कल्याण केंद्र की ओर से शिक्षा प्रकल्प के तहत झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में 390 एकल विद्यालय संचालित किये जा रहे हैं। इनमें से रांची के आसपास के एकल विद्यालयों के बच्चों को महिला समिति के सदस्यों ने आमंत्रित करके तू-मैं एक रक्त और नगरवासी वनवासी हम सब भारतवासी के भाव के साथ बच्चों को रक्षा सूत्र बांधा और उन्हें उपहार भी दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएवी ग्रुप के क्षेत्रीय निदेशक एमके सिन्हा ने बच्चों की ओर से प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की। मौके पर रांची महानगर समिति के अध्यक्ष सज्जन सर्राफ, वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच संचालन ऋचा मिढ़ा और धन्यवाद ज्ञापन ममता सिन्हा ने किया। कार्यक्रम के बाद रांची के सांसद संजय सेठ ने बच्चों के साथ भोजन किया। इस अवसर पर कृपा प्रसाद सिंह, नीता सेठ, पूनम गुप्ता, सुमित्रा मोदी, रीझु कच्छप, बिनित लाल, विनोद उपाध्याय, देवनंदन सिंह, ओम प्रकाश अग्रवाल, सुनील सिंह, केएल चौधरी सुशील मरांडी, विजय केशरी, सुलेखा कुमारी, बीएन झा सहित बच्चे और अन्य लोग लोग मौजूद थे।

## विभाजन विभीषिका दिवस पर संगोष्ठी और प्रदर्शनी का आयोजन

# जब भी आपदा या महामारी आयी, पंजाबी समाज सबसे आगे खड़ा रहा है: बाबूलाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पंजाबी समाज द्वारा विभाजन विभीषिका दिवस के दो दिवसीय आयोजन के तहत संगोष्ठी और प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रविवार को दोपहर 12 बजे कृष्णा नगर कॉलोनी, रातू रोड स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर हॉल में भारत माता की तस्वीर पर पुष्प अर्पण से हुई। तत्पश्चात समाज के वयोवृद्ध पुरुष और महिला नागरिकों का स्वागत किया गया। उपस्थित सभी वयोवृद्ध पुरुष औरमहिला नागरिकों को संजय सेठ और सीपी सिंह द्वारा उनके पास जाकर उन्हें पुष्प भेंट कर तथा शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पद्मश्री से सम्मानित बलबीर दत्त, श्यामलाल मक्कड़, रामचंद्र तलेजा, बीआर मग्गो, हरगोविंद सिंह गिरधर,सरदार हरमिंदर वीर सिंह,सरदार कृपाल सिंह तथा विष्णी देवी धमीजा ने विभाजन से जुड़ी अपनी स्मृतियों को बताया और अपना दर्द बयां किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, प्रथम मुख्यमंत्री झारखंड तथा भाजपा प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने विभाजन से जुड़ी घटनाओं का जिक्र करते हुए पंजाबी समाज के लोगों की जिंदादिली, देश प्रेम और सेवा भाव की सराहना की। साथ ही कहा कि जब भी देश में आपदा या महामारी आयी पंजाबी समाज सबसे आगे खड़ा रहा है। उन्होंने समाज के लोगों से आग्रह किया कि युवाओं को विभाजन के दौरान संबंधित परिवारों की तकलीफों से संबंधित तस्वीरें या वीडियो दिखायी जाये, जिससे वे प्रेरणा ले सकें।

विशिष्ट अतिथि रांची लोकसभा क्षेत्र के सांसद संजय सेठ ने विभीषिका का जिक्र करते हुए कहां कि विस्थापित होने के बाद भी इस समाज के लोगों ने जो संघर्ष किया और अपने परिवारों को संवारा और अपने व्यापार को नये सिरे से खड़ा किया, यह निश्चित रूप से हम सबों को प्रेरणा देता है।

भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और झारखंड भाजपा प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सन 2001 से विभाजन विभीषिका दिवस मनाये जाने की तारीफ करते हुए कहा कि इससे देश में एकता, सद्भाव और देश प्रेम की भावना जगती है। मौके पर नंदकिशोर अरोड़ा और हरविंदर सिंह बेदी ने बाबूलाल मरांडी तथा कुणाल आजमानी ने लक्ष्मीकांत वाजपेयी तथा बालमुकुंद सहाय को रवनीत सिंह ने पुष्प भेंट कर एवं शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के जिला संयोजक अरुण जसूजा और अश्विनी सुखीजा को बाबूलाल मरांडी और लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन नरेश पपनेजा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन अश्विनी सुखीजा ने किया। समाज के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि इस मौके पर बड़े स्क्रीन पर विभाजन से जुड़ी डॉक्यूमेंट्री दिखायी गयी और विभाजन से जुड़ी तस्वीरों की प्रदर्शनी भी लगायी गयी। दो दिवसीय आयोजन के तहत सोमवार को शाम 5 बजे जिला स्कूल, शहीद चौक से मौन जुलूस निकाला जायेगा, जो सर्जना चौक से होते हुए वापस शहीद चौक पहुंच कर समाप्त होगा।

## मिलन समारोह में कई युवाओं ने थामा आजसू पार्टी का दामन

# आज राजनीति दूसरों की गलतियों से चल रही: सुदेश



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में रविवार को आयोजित मिलन समारोह में विभिन्न प्रोफेशन से जुड़े हुए युवाओं ने आजसू पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के समक्ष आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर सुदेश महतो ने कहा कि राजनीति की आलोचना करना आसान है लेकिन राजनीति में आकर जमीनी स्तर पर काम करना कठिन। आलोचना करने की जगह आपने राजनीति से जोड़ने का काम किया यह परिवर्तन की एक नयी शुरूआत है। उन्होंने कहा कि राजनीति में कठिन चुनौती है। उन्होंने कहा कि आज की राजनीति दूसरों की गलतियों से चल रही है। चुनाव लड़ने वाले नेता यह सोच कर बैठा है कि सामने वाला गलती करेगा तो उसका फायदा हम उठाएंगे लेकिन हमारी पार्टी अपनी काबिलियत के दम पर चुनाव लड़ती है। अपने राजनीतिक जीवन के अनुभवों को राज्य के भलाई में लगाना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। हमारी पार्टी सत्ता के लिए जनता की सेवा नहीं करती हम सरकार में हो या न हो जनता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। जितने ज्यादा लोग जुड़ेंगे और अपने-अपने क्षेत्र में काम करेंगे विकास की रफ्तार उतनी ही तेज होगी। पार्टी में शामिल हुए सीएस रोहित प्रकाश प्रीत ने कहा कि सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों से प्रभावित हो कर आज पार्टी में शामिल हो रहा हूं। सिल्ली विधानसभा में शिक्षा, खेल, रोजगार, स्वास्थ्य सभी क्षेत्रों में काफी काम हुए हैं। सिल्ली पूरे राज्य में विकास के एक मॉडल की तरह है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के गांव से आयी आइटी प्रोफेशनल मोनिका मुर्मू ने कहा कि पार्टी में शामिल हो कर अपने ज्ञान से जरूरतमंद बच्चों को टेक्नोलॉजी में समृद्ध बनाना चाहती हूं ताकि हमारे राज्य के बच्चे आगे चल कर इस क्षेत्र में अपना और राज्य का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत, बुद्धिजीवी मंच के प्रदेश अध्यक्ष डोमन मुंडा, मुकुलचंद्र मेहता सहित अन्य उपस्थित थे।

# माही का प्रयास साधनहीन बच्चों के लिए वरदान साबित होगा: एए खान

**शिक्षा ही स्वच्छ, स्वस्थ और सार्थक समाज के निर्माण में सहायक है : इबरार अहमद**

**शहर के 15 अल्पसंख्यक स्कूलों के 150 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया**





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** माही के अंतर्गत रविवार को मेन रोड स्थित मौलाना आजाद हॉल में प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित करने के उद्देश्य से मकसद कार्यक्रम का आयोजन किया। रांची यूनिवर्सिटी के पूर्व वाइस चांसलर अनवार अहमद खान बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम का मकसद (मोटिवेशन, असिस्टेंस, क्वालिटी सपोर्ट फॉर एकेडमिक डेवलोपमेंट) के तहत ब्राइट माइंडस टैलेंट सर्च अभियान चलाकर छात्र-छात्राओं का बेहतर शिक्षा के लिए किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के 15 अल्पसंख्यक स्कूलों के 150 छात्र-छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एके खान ने कहा कि माही का यह प्रयास निश्चित तौर पर रंग लायेगा और साधनहीन बच्चों के लिए वरदान साबित होगा। ऐसे कार्यक्रम से छात्र-छात्राओं में उत्साहवर्धन होता है और अपने स्वर्णिम कैरियर के प्रति प्रेरित होते हैं। माही के संयोजक इबरार अहमद ने कहा कि हम सभी लोगों का दायित्व बनता है कि प्रतिभाशाली बच्चों का न केवल हम रहनुमाई करें बल्कि उन्हें लक्ष्यों तक पहुंचाने में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि शिक्षा एक ऐसा शक्तिशाली हथियार है जो गरीबी और असमर्थता को परास्त करने निर्णायक है। शिक्षा उन छात्रों को लक्ष्य तक पहुंचने में सहायता प्रदान कर सकता है जो हाशिये पर खड़े हैं। विशिष्ट अतिथितियों में झामुमो के जिला अध्यक्ष मुशताक अहमद, जुनैद अनवर, हसीब अख़्तर जावेद, डॉ असलम परवेज, जय सिंह यादव, मो रिजवान, प्रोफेसर अनीसुर रहमान, इरफान उजैर, साइसोन इंटरनेशनल ग्रुप के सरफराज अहमद, तंजीम आलम, सिराजुद्दीन, सूबेदार मेजर मोहम्मद रफी सहित अन्य मौजूद थे। मंच का संचालन कानून का छात्र कौसेन रजा ने किया। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता जय सिंह यादव, केबी एकेडेमी के डायरेक्टर डॉक्टर असलम परवेज, संत मार्ग्रेट गर्ल्स हाइस्कूल के सहायक शिक्षक विकास तिवारी सहित अन्य ने संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन सरफराज अहमद सुड्डु ने किया। यह जानकारी माही के प्रवक्ता मुस्तकीम आलम ने दी।

# रोटरी रांची का विस्तार कार्यक्रम : झारखंड-बिहार से जुटे 260 से अधिक रोटेरियन

**जनसेवा के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है रोटरी क्लब**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रोटरी क्लब ऑफ रांची के तत्वावधान में रविवार को होटल बीएनआर चाणक्य में डिस्ट्रिक्ट मेंबरशिप सेमिनार विस्तार का आयोजन किया गया। विस्तार कार्यक्रम में बिहार झारखंड के 104 क्लबों के 260 से अधिक रोटेरियन शामिल हुए। इस अवसर पर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी। मुख्य अतिथि रोटरी कोऑर्डिनेटर शरत चंद्रा ने कहा कि रोटरी सदस्य जनसेवा के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए पूरी तरह कटिबद्ध हैं। इनका जुझारूपन ही क्लब के किसी भी प्रोजेक्ट को सफल बनाता है। उन्होंने क्लब के कार्यों को और नयी ऊंचाई तक ले जाने के लिए सफलता के सूत्र भी बताये। कार्यक्रम की चेयरमैन और पूर्व अध्यक्ष रेखा सिंह ने कहा इस आयोजन से झारखंड बिहार के सभी क्लबों के बीच बेहतर समन्वय बनाने का अवसर मिला है। क्लब के अध्यक्ष डॉ विनय ढांढानिया ने कहा कि हम सभी लोगों को रोटरी क्लब की प्रतिष्ठा के अनुरूप कार्य करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। पीडीजी अजॉय छाबड़ा ने कहा कि जितने भी नये आइडियाज आये हैं, उस दिशा में पूरी शक्ति के साथ आगे बढ़ेंगे। कार्यक्रम का संचालन शाहीद पॉल, धन्यवाद ज्ञापन मुकेश तनेजा ने किया। मौके पर भंडारी लाल, एस के मल्होत्रा, सुरेश साबू, अमित अग्रवाल, आदित्य मल्होत्रा, सुधा ढांढनिया, प्रियंका त्रिपाठी, मंजू गंभीर, रश्मि अग्रवाल, ख्याती मुंजाल, नताशा साहू, श्वेता अग्रवाल, अनंत सिन्हा, संदीप मुंजाल, प्रवीण राजगढ़िया, पीडीजी अनिल सिंह, हरमिंदर सिंह, दीपक श्रीवास्तव, विवेक सिंघानिया, भावना तनेजा, सुधीर मिश्रा, हितेश भगत, अजय दीप वाधवा, जसदीप सिंह, विनय छापड़िया, गिरीश अग्रवाल, पवन जायसवाल आदि मौजूद थे।

**सेवा विस्तार के लिए हर क्लब बनाये सेटेलाइट क्लब: जोगेश गंभीर**

समारोह में डिस्ट्रिक्ट मेंबरशिप चेयरमैन पीडीजी जोगेश गंभीर ने रोटरी के सेवा विस्तार के लिए सेटेलाइट क्लब के गठन पर जोर देते हुए कहा कि क्लब इस दिशा में आगे बढ़ेगा। प्रत्येक क्लब विभिन्न कम्युनिटी में 10-10 लोगों का क्लब बना कर जनसेवा कार्यों को आगे बढ़ाया जायेगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### डीएसपीएमयू में विदाई सह सांस्कृतिक कार्यक्रम



रांची (आजाद सिपाही)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के स्कूल ऑफ एनवायर्नमेंटल स्टडीज में रविवार को स्नातक व स्नातकोत्तर के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य शामिल हुए। कुलपति ने कहा कि परंपरा के तहत अंतिम सत्र के विद्यार्थियों को विदाई दी जाती है, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि उनका संस्थान से संपर्क समाप्त हो गया है। बल्कि, यह उनके जीवन के दूसरे चरण की शुरूआत है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपसी भाईचारे और अपनत्व की आधारशिला पर ही एक ठोस और उज्ज्वल करियर की नींव रखी जा सकती है। मौके पर विद्यार्थियों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में विभाग के समन्वयक डॉ राजतेंद्र घोष, डॉ देवू मुखर्जी, डॉ अमृता साल, सोनी कुमारी, संदीप प्रसाद और अनुशील आनंद सहित अन्य विभागीय शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद थे।

### रांची विश्वविद्यालय में कलात्मक रंगोली सजायी





रांची (आजाद सिपाही)। रांची विश्वविद्यालय में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के क्षेत्रीय केंद्र रांची (संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार) के सहयोग से रविवार को हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत हुई। कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने इसकी शुरुआत करते हुए छात्र-छात्राओं को अभियान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। अभियान के तहत आर्यभट्ट सभागार में तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें रांची विश्वविद्यालय के परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट विभाग के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और अपनी रंगोली में देशभक्ति के भाव का जीवंत चित्रण किया। प्रतियोगिता के निर्णायक वरिष्ठ चित्रकार प्रवीण कर्मकार थे। हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को आर्यभट्ट सभागार परिसर में परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट्स विभाग की ओर से नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया जायेगा। वहीं, मंगलवार को स्वाधीनता दिवस पर अंतर विभागीय नृत्य, संगीत और चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

### एनटीपीसी और अरुणाचल प्रदेश सरकार के साथ हुआ समझौता





रांची (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी की 100 प्रतिशत सहायक कंपनी एनइइपीसीओ ने 2620 मेगावाट की जल विद्युत परियोजनाओं के विकास के लिए अरुणाचल प्रदेश सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। ईटानगर में एमओए पर हस्ताक्षर किया गया। इन परियोजनाओं का विकास 2030 तक भारत में 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता प्राप्त करने के घोषित राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) लक्ष्य को प्राप्त करने में योगदान देगा।वर्ष 2070 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने के उद्देश्य में हाइड्रो पावर भी एक प्रभावी योगदानकर्ता होगा। इन परियोजनाओं से क्षेत्र में रोजगार के बड़े अवसर पैदा होने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलने के साथ क्षेत्र में कौशल विकास और तकनीकी विशेषज्ञता को बढ़ावा मिलने की भी उम्मीद है।

### राज्य में वैश्य समाज सुरक्षित नहीं: ज्ञान शंकर

रांची (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष ज्ञान शंकर ने लगातार समाज के लोगों के हत्या पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि राज्य में वैश्य समाज सुरक्षित नहीं है। लगातार वैश्य समाज के लोगों की हत्या हो रही है। सरकार और प्रशासन इसे रोकने में विफल रही है। लातेहार निवासी पूर्व जिला उपाध्यक्ष अमन साव को अपराधियों द्वारा गोली मार दी गयी। कब तक वैश्य समाज पर अत्याचार होता रहेगा। वहीं प्रदेश महामंत्री संजय चौधरी ने कहा कि वैश्य समाज के माही रेस्टोरेंट के मालिक की हफ्ते दिन पूर्व गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। अपराधियों में प्रशासन का डर खत्म हो गया है। रांची जिला अध्यक्ष संजय पोद्दार ने कहा कि कल ही समाज के जूस संचालक की भी अपराधियों द्वारा उसके घर के निकट गोली मारकर हत्या कर दी गयी। याद रहे किसी भी राज्य में सरकार चलाने में अहम भूमिका वैश्य समाज की होती है। झारखंड में 50 प्रतिशत वैश्य समाज के लोग हैं। अगर यही हाल रहा तो समाज द्वारा सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी। अपने लोगों की बलि चढ़ते नहीं देख सकते। वैश्य महासम्मेलन राज्य सरकार से मांग करती है कि अमन साव और मोराबादी के जूस संचालक के हत्यारे को अविलंब गिरफ्तार करें।

### झारखंड में 13 संरक्षित प्राचीन स्मारक और पुरातात्विक स्थल और अवशेष हैं: केंद्रीय मंत्री

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने राज्यसभा में अपने अतारांकित प्रश्न के माध्यम से भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय से जानकारी मांगी। जानकारी देते हुए संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री किशन रेड्डी ने बताया कि देश में राष्ट्रीय महत्व के रूप में घोषित 3696 प्राचीन स्मारक और पुरातात्विक स्थल और अवशेष हैं, जिनमें से 13 झारखंड राज्य में हैं। केंद्रीय मंत्री ने स्मारकों के रखरखाव से संबंधित रिक्त पड़े पदों की जानकारी राज्यवार देते हुए बताया कि पूरे देश में संरक्षण वर्ग के अधीन 505 रिक्त पद हैं जिसमें से झारखंड में 3 पद रिक्त हैं। वहीं एटीएस के अंतर्गत कुल 3656 पद रिक्त हैं जिसमें से झारखंड में 5 पद रिक्त हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रिक्त पदों को भरना एक सतत प्रक्रिया है। भारत सरकार के मिशन भर्ती अभियान के तहत रिक्तियां भर्ती एजेंसियों को सूचित की गयी हैं।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 14 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in
07

## आजादी का उत्सव : मेरी माटी मेरा देश के तहत डोंबार बुरू के शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि

# वीरों को श्रद्धांजलि व देश प्रेम जागृत करना ही मुख्य उद्देश्य: नीलकंठ मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले के सभी प्रखंडों के पंचायत स्तरीय कार्यक्रम के तहत रविवार को पंचायत स्तरीय वसुधा वंदना, वीरों की वंदन, ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान और वृक्षारोपण किया गया। नौ अगस्त से चल रहे कार्यक्रम का समापन 15 अगस्त को होगा। भगवान बिरसा मुंडा की कर्मस्थली डोंबारी बुरू में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के समापन एवं स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर आम जनों में राष्ट्र भावना एवं राष्ट्रप्रेम जागृत करने के उद्देश्य से जिले की सभी पंचायतों एवं ग्रामों से कलश में मिट्टी एकत्र कर उसे प्रखंड के माध्यम से जिले में भेजा जाएगा। उक्त मिट्टी को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ ले जाया जाएगा, जहां देश भर की मिट्टी को एकत्र कर 30 अगस्त को मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देशप्रेम की भावना के साथ ही देश भर में हो रहे इस आयोजन का हर व्यक्ति हिस्सा बनें। उन्होंने आमजनों से पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण की भी अपील की। कहा कि खूंटी जिलावासियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग होने की आवश्यकता है। साथ ही सतत विकास की दिशा में जल संरक्षण महत्वपूर्ण विषय है। अभियान के दौरान मेरी माटी मेरा देश के अलाव शिलाफल्कम (स्मारक पटिका) का निर्माण, शपथ एवं सेल्फी, वसुधा वंदन, वीरों का वंदन एवं झंडोत्तोलन और राष्ट्रगान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंचायतों में स्थित अमृत सरोवर के चारों ओर 75 स्वदेशी वृक्षारोपण कर अमृत वाटिका बनाई जा रही है। अमृत वाटिका में वीर शहीदों की याद में एक शिलाफल्कम (स्मारक पटिका) का निर्माण किया जा रहा है।


हर घर तिरंगा कार्यक्रम में शामिल विधायक निलकंठ सिंह मुंडा, डीसी लोकेश मिश्र व अन्य।

### मेरा माटी मेरा देश अभियान में हम जागरूक नागरिक बनकर आगे आयें : डीसी

डीसी लोकेश मिश्र ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान के सफल कार्यान्वयन में हम सभी की अहम भागीदारी है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव को हम अपनी आजादी का श्रेय उन लोगों को देंगें, जिन्होंने देश की आजादी के लिए सर्वस्व न्योछावर कर दिया। हमारी मातृभूमि वह धन्य भूमि है जिसने स्वतंत्रता संग्राम में अपना बलिदान देनेवाले वीरों को जन्म दिया है। शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में चलने वाले इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने ग्रामीणों को शुभकामनाएं दी और कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि हम अपने वीरों के प्रति सदैव सम्मान की भावना रखें। उन्होंने कहा कि देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से अभियान की शुरूआत की गई है।

## विद्या विहार पब्लिक स्कूल के बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** अखंड भारत संकल्प दिवस के मौके पर रनिया प्रखंड के गरई स्थित विद्या विहार पब्लिक स्कूल में रविवार को खूंटी स्वामी दयानंद नेत्रालय के सौजन्य से विद्यालय के बच्चों की नेत्र संबंधी बीमारियों की जांच के लिए विद्यालय परिसर में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों की आखों की जांच कर उनके बीच निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। इस दौरान आजादी का अमृत महोत्सव के तहत तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर स्वामी दयानंद नेत्रालय के संस्थापक डॉ निर्मल सिंह के अलावा विदेशी मेहमान रोबेटा भी उपस्थित थी। विद्यालय परिसर में हवन-पूजन का भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष विजय सिंह, प्रधानाध्यापक राजकुमार नाग, शिक्षक देव शरण महतो, अंकित कुमार, डीपी सिंह आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## देश के लिए बलिदान देने वालों का सम्मान भाजपा ही करती है : कोचे मुंडा

**हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा बाइक रैली**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत भाजपा की ओर से रविवार को जिला मुख्यालय के अलावा सभी प्रखंडों में तिरंगा यात्रा निकाली गई। देश के लिए बलिदान देने वाले शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तोरपा में आयोजित कार्यक्रम में विधायक कोचे मुंडा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस, भगवान बिरसा मुंडा और शहीद बाल्टर गुड़िया की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। विधायक ने कहा कि देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वालों का सम्मान सिर्फ भाजपा ही करती है। उन्होंने कहा कि लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत करने के लिए केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा लगाने का अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा तोरपा मंडल अध्यक्ष पुरेंद्र मांझी ने की। इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष जयसवाल, जिलाध्यक्ष, वरिष्ठ नेता विनोद भगत, नीरज जयसवाल कृपा सिंधु बेहरा, जिला महासचिव शशांक शेखर राय, रामाशीष महतो, नागेश्वर ठाकुर, रंजीत वर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष कालमी खान, मुकेश गुप्ता के बलावा विदेश मेहमान रोबेटा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। शाम को भाजपा कार्यकर्ताओं ने तोरपा में तिरंगा बाइक रैली निकाली।

## रोड सेल में रैयत विस्थापितों को भी दी जाये प्राथमिकता : रैयत विस्थापित ट्रक एसोसिएशन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल क्षेत्र पिपरवार में कोल डंप से ट्रकों के माध्यम से बाहर जाने वाले कोयले को रैयत विस्थापित ट्रक मालिकों के ट्रकों से भेजा जाए। रैयत विस्थापित ट्रक एसोसिएशन की ओर से इस बाबत एक आवेदन सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सुधीर दास को सौंपी गयी। आवेदन में कहा गया कि सीसीएल की गतिविधियों से अपनी जमीन गंवा चुके रैयत विस्थापितों के जीवन यापन के लिए कोल डंपो को खोला गया था। जहां से ट्रकों के माध्यम से बिक्री के कोयले को बाहर भेजा जाता है। पूर्व में रोड सेल में सीसीएल द्वारा जब भारी मात्रा में कोयले का आवंटन होता था तब गैर विस्थापितों के ट्रकों को भी काफी काम मिलता था, लेकिन जब से कोयले का आवंटन कम हुआ रैयत विस्थापितों के ट्रकों को भी पूरा काम नहीं मिल पा रहा है। जिससे रैयत विस्थापित ट्रक मालिक गाड़ी की किश्त तक नहीं चुका पा रहे हैं। पत्र में मांग की गई है की ट्रकों का भाड़ा 2021 के अनुसार तय कर इसको वैधानिक मान्यता दी जाए, जिससे रैयत विस्थापितों को थोड़ी राहत मिल सके। अनुमंडल पदाधिकारी को पत्र सौंपने वालों में विजय महतो, लियाकत अंसारी, ललन कुमार, रचित कुमार, इदरीश अंसारी, रामबालक कुमार, अमर कुमार आदि शामिल थे।

## पदक विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**खलारी (आजाद सिपाही)।** बेंती पंचायत सचिवालय में रविवार को समारोह आयोजित कर वुशू खेल के राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं में पदक विजेता रहे खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। बेंती की मुखिया सरिता देवी और पंसस कुमारी अनुप्रिया ने पटना में संपन्न हुए 22वां जुनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता में एक रजत पदक और दो कांस्य पदक जीतने वाले न्यू मालमहुरा निवासी शिवम उरांव एवं कास्य पदक विजेता जारा टोंगरी निवासी विक्रम कुमार गंझू को सम्मानित किया। साथ ही समारोह में विगत वर्ष के पदक विजेता अविनाश कुमार गंझू, विशाल गंझू, आयुष कुमार, भास्कर ठाकुर, ललन यादव, श्रुती कुमारी को भी झारखण्ड ओलंपिक संघ द्वारा सम्मान स्वरूप प्रदान किये गये स्मृति चिन्ह को पुन: मुखिया और पंसस की ओर से सौंपा गया।

## अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र नहीं मिलेगा तो करेंगे आंदोलन: लोहरा समाज



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** आदिवासी लोहरा समाज की बैठक रविवार को भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थल बुंडू में हुई। जिसमें बुंडू, तमाड़, अड़की और सोनाहतू प्रखंड के सैकड़ों लोहरा समाज के लोग शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि लोहार-कमार एक ही समाज है। लिपिकीय त्रुटि के कारण लोहरा के स्थान पर लोहार की गयी है। झारखंड में जन्में आदिवासी लोहरा समाज के राजा के शासन काल के समय में जिस गांव में लोहरा समाज की आवश्यकता पड़ती थी, उस गांव पर बुला कर थोड़ी सी जमीन देकर उनसे लोहा से संबंधित कार्य कराकर लोग खेती बारी करते थे। वर्तमान में अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र देने से कुछ प्रखंड के अंचलअधिकारी साफ तौर पर मना कर दे रहे हैं। पर कुछ वर्ष पहले आदिवासी के दर्जा से ही जाति प्रमाण पत्र निर्गत हो रहा था। ऐसी हालत में लोहरा समाज की छात्र-छात्राएं स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय में नामांकन लेने से वंचित हो रहे हैं। सरकारी लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। अगर हमें अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र नहीं मिलेगा तो आंदोलन का बिगुल फूंका जायेगा। बैठक में विशेश्वर लोहरा, प्रकाश लोहरा, कृष्णा लोहरा, चंदन किशोर लोहरा, जगरनाथ लोहरा, हरे कृष्णा लोहरा, अनिल लोहरा, दिनेश लोहरा, गुरु लाल लोहरा, संदीप लोहरा, दिनेश लोहरा, गुमान भरत शंकर, राजू महादेव, सीताराम रस्सी, फुलेश्वर, दिवाकर, सारथी कुमारी, खुशी कुमारी, पलक कुमारी, भूटान देवी, दशमी देवी, संगीता, पूनम, बरूनेश्वर, राजेश, अरुण, रामलाल, जयपाल, डॉन राणा, दशरथ, राजेश, दीपक, ओमप्रकाश, योगेश्वर, लकी चरण, राजकिशोर, नवीन दीपक, अनिल पुष्कर, जगन्नाथ, महादेव, सोमरा, रामेश्वर, उजाला, रमन गुड्डू, रतन, सोनू, प्रियंका, सुरेंद्र लोहरा आदि मौजूद थे।

## तेली साहू महासंगठन ने भाजपा का पुतला फूंका




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की खूंटी जिला इकाई ने रविवार को नेताजी चौक के समीप भाजपा का पुतला दहन किया। जिलाध्यक्ष नरेंद्र साहू ने बताया कि गुमला जिला भाजपा के मीडिया प्रभारी द्वारा तेली समाज को अवसरवादी, नकाबपोश और छुटभैया तेली जैसे शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया गया था। जिसके विरोध में प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि वर्षों से भाजपा तेली समाज की इसी तरह उपेक्षा करती आ रही है। जबकि पूरा तेली समाज भाजपा को वोट देता आ रहा है। इससे तेली समाज काफी मर्माहत और आक्रोशित है। भाजपा को तेली समाज से माफी मांगने को कहा, लेकिन भाजपाईयों ने ऐसा नहीं किया। तेली जाति के मान-सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए भाजपा का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर मदन गौंझू, पंचू महतो, कुमार ब्रजकिशोर, संदीप कुमार, अमिताभ साहू, सचिन कश्यप, विक्रम महतो, जितन्नु महतो, दिलीप नाग आदि शामिल थे।

## व्यवहार न्यायालय में हर घर तिरंगा आजादी का अमृत महोत्सव का आयोजन

# हमें अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए : प्रधान जिला जज

आजाद सिपाही संवाददाता



हर घर तिरंगा कार्यक्रम में शामिल प्रधान जिला जज व अन्य।

**खूंटी।** दिल्ली नालसा और रांची झालसा के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में रविवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में हर घर तिरंगा आजादी का अमृत महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें डालसा अध्यक्ष ने कहा कि 14-15 अगस्त की मध्यरात्रि के बाद भारत को स्वतंत्रता मिली थी। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। हमारा संविधान भारत को एक आदर्श एवं मजबूत राष्ट्र बनाने की क्षमता रखता है। हम सबको संविधान निर्माता और स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमेशा इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि देश हमारे लिए सर्वोपरि है। प्रधान जिला जज ने कहा कि हमें उन महान विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित करनी है, जिन्होंने हम सबको आजाद भारत में रहने का अवसर दिया। हमें भारतीय होने का गर्व होना चाहिए और मातृभूमि की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को तिरंगा दिया जा रहा है और पूरे जिले में आज से ही इस महोत्सव की शुरूआत हो रही है। इस मौके पर अपर जिला जज द्वितीय सत्यकाम प्रियदर्शी, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सत्यपाल, एसडीजेएम दिनेश बाउरी, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम तुषार आनंद, स्थाई लोक अदालत की सदस्य मधु चंदा कुमारी रजक, विद्वान अधिवक्ता, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### अड़की में तालाब में डूबने से एक की मौत

**अड़की (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हुंठ पंचायत अंतर्गत सेरेंगहातु में तालाब में डूबने से 43 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान मारुती मुंडा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार गांव के डिंग सेड़ा तालाब के पास सेरेंगहातु के ग्रामीणों ने विशेष पूजा अर्चना की थी, जिसके बाद मारुति मुंडा तालाब में नहाने गया था। तभी नहाने के क्रम में गहराई में चले जाने से डूब गया।

### तमाड़ में निकाला गया हर घर तिरंगा यात्रा



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत डुगरडीह में रविवार को एसडी शेरखानी कमांडेंट 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के निर्देश पर ई समवाय सशस्त्र सीमा बल की ओर से रविवार को आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। सहायक कमांडेंट सौमेन गोराई की अगुवाई में मेरी माटी मेरा देश मिट्टी कलश का आयोजन गोद लिये हुए गांव विरहोर कॉलोनी व अन्य गांव लुंगटू, मनागोडा में किया गया। स्थानीय लोगों के साथ एसएसबी के जवानों ने अपने देश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ पंच प्रण को शामिल करते हुए प्रतिज्ञा ली। इस अवसर पर देश के वीर शहीद को याद व नमन किया गाय । मौके पर सशस्त्र सीमा बल के 20 बल जवान, मुखिया विश्व भूषण सिंह मुंडा, विरहोर कॉलोनी के ग्रामीण एवं लुंगटू स्कूल के अध्यापक आदि उपस्थित थे।

### भाजपा नेता के प्रयास से खिलाड़ियों को मिली खेल सामग्री



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता करण कुमार महतो के प्रयास से सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत के न्यू महावीर क्लब डेम्बुआ बसरिया टीम के खिलाड़ियों के बीच जर्सी, फुटबॉल का वितरण किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा, धनराज भोक्ता, संजय भोक्ता, अरविंद कुमार, आदित्य कोशरी, विक्रम गझू, बिनोद उरांव आदि मौजूद थे।

### डकरा में निकाली गयी तिरंगा यात्रा



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सिविल सोसायटी, डकरा 40 प्लस क्रिकेट टीम, स्टेडियम के मॉर्निंग वॉकर और आम लोगों की ओर से रविवार को डकरा में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। यात्रा डकरा स्टेडियम से शुरू हुआ, जो मोहननगर, डकरा, सुभाषनगर, केडीएच, महावीर नगर, भुतनगर होते हुए कुंवर सिंह चौक के सामने से गुरुद्वारा चौक पहुंचा। यहां आजादी के उत्सव में सभी के बीच मिठाई बांटी गई। लोगों ने एक-दूसरे को 48 घंटे पूर्व स्वतंत्रता दिवस की शुभकामना दी। इसके पहले महाप्रबंधक संजय कुमार ने तिरंगा लहराकर यात्रा को रवाना किया। वे खुद बाइक पर सवार होकर यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव पर केंद्र सरकार की ओर से कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस क्रम में डकरा के लोगों ने तिरंगा यात्रा निकालकर कोयलांचल के माहौल को पूरी तरह तिरंगा-मय कर दिया है। अगले वर्ष से प्रबंधन टीम को 500 तिरंगा ध्वज देगी। कार्यक्रम को सीसीएल जेसीएससी सदस्य कमलेश कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। इस मौके पर सुनील कुमार सिंह, शैलेश कुमार, डीपी सिंह, हरेंन्द्र सिंह, राजीव चटर्जी, संदीप सिंह छोटू, अवधेश राय, कमलेश प्रसाद, मुनेश्वर मुन्ना, मुन्नू सिंह, प्रशांत दुबे, राहुल कुमार, शशि सिंह, कार्तिक पांडेय, ओमप्रकाश शर्मा आदि मौजूद थे।

### डकरा में बैठक कर स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा के अनावरण की रूपरेखा तैयार



**डकरा (आजाद सिपाही)।** वीआइपी सभागार में रविवार को सर्वसमाज की बैठक ललन प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें उपस्थित सर्वसमाज के लोगों ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह के प्रति यह सच्ची श्रद्धांजलि है। बाबू वीर कुंवर सिंह को किसी समाज में बांध कर नहीं रखा जा सकता है। बैठक में बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा का अनावरण सीसीएल एवं सीआईएल के अधिकारी से कराने का निर्णय लिया गया। इसके लिए श्रेत्रीय महाप्रबंधक को अधिकृत किया गया है। बैठक में कहा गया कि जल्द ही एक प्रतिनिधि मंडल महाप्रबंधक एवं अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक से मिलकर तारीख का निर्धारण किया जाएगा। बैठक में प्रतिमा अनावरण आयोजन को भव्य रूप से मनाने के लिए एक संचालन समिति का भी गठन किया गया है। जिसमें प्रमुख संरक्षक महाप्रबंधक, संरक्षक सभी परियोजना पदाधिकरी, ललन प्रसाद सिंह, रघुवंश नारायण सिंह, राजन सिंह राजा, एसएन सिंह, डीपी सिंह, फूलेशवर यादव, राजेश सिंह मिंटू, कमलेश कुमार सिंह, जालिम सिंह, बिगन सिंह भोगता, तनवीर आलम, विनय सिंह मानकी, धर्मेंद्र सिंह, श्रीभगवान सिंह, संचालन समिति सुनील कुमार सिंह, हरेंद्र सिंह, मनोज कुमार सिंह, विकास सिंह गुड्डू, तुफान सिंह, रंजन सिंह बिटटू, रंजंन सिह, इस्लाम अंसारी, संजीव रंजन सिंह, यश सिंह परमार, नेपाल सिंह, सूदेशवर ठाकुर, वीरू सिंह, राजेश सिंह, अंशु सिंह, अजय सिंह, उदय सिंह, इस्माइल असारी, चंद्रभुशन सिंह, विकास दूबे, फिरोज आलम, विनय खलको, कार्तिक पाण्डेय, शिवप्रसाद चैहान, गोलटेन प्रसाद यादव, जेडएच खान, देवेंद्र सिंह शमिल है। बैठक में कहा गया कि इस आयोजन को उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। सभी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं को आमंत्रित किया जाएगा। इस मौके पर राघव चौबे, अर्जून महतो, जगदीश सतनामी, इस्लाम अंसारी, रवींद्रनाथ चौधरी, सुधीर सिंह, सुनील कुमार, सुरज कुमार राउत, पवनराज सिंह, अनिल कुमार सिंह, लव सिंह, मोहन सिंह, सुभाष पाण्डेय, उदयनाथ सिंह, दिपनारायण महतो, जयपाल सिंह, मुसरफ हुसैन आदि उपस्थित थे।

# भाजयुमो रांची ग्रामीण जिला ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भाजपा युवा मोर्चा रांची ग्रामीण जिला के तत्वधान में रविवार को जिला अध्यक्ष विवेक आनंद जायसवाल की अगुवाई में खेलगांव चौक से टाटीसीलवे चौक तक बाइक से तिरंगा यात्रा निकाली गयी। इस दौरान लोगों को घर-घर तिरंगा लगाने को लेकर जागरूक किया गया। तिरंगा यात्रा में सैकड़ों भाजपा व युवा मोर्चा के के कार्यकर्ताओं के अलावा पूर्व सैनिक के साथ सूर्य नगर टाटीसीलवे के आम नागरिकों ने भी हिस्सा लिया। आयोजन में कार्यक्रम प्रभारी संजीत सिंह और सह प्रभारी सत्यजीत सिंह की अहम भूमिका रही। इस मौके पर भाजपा रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, जिला प्रभारी विनोद सिंह, रामगढ़ जिला प्रभारी शशिभूषण भगत, प्रदेश कार्यसमीति सदस्य अनिल महतो, ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप स्वर्णकार, जिला महामंत्री नरेंद्र कुमार, जिला मंत्री कुणाल सहदेव, भाजपा नेता सह पूर्व कर्नल बिरेंद्र सिंह, सत्यदेव मुंडा, पूजा सिंह, नरेश साहू, रामसाय मुंडा, राजा महतो, शिवलाल महतो, संतोष महतो, उमेश महतो, कुंदन कुमार, आशुतोष सिंह, शशिकांत सिंह, रंजन कुमार, आशीष बर्मन, पप्पू महतो, अजीत कुमार, राजकुमार सिंह, पवन जायसवाल, मनीष भगत सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

**जश्न :** आजादी के अमृत महोत्सव पर भाजपा ने अनगड़ा में निकाली तिरंगा यात्रा

# हर घर तिरंगा फहराकर मनायें आजादी का उत्सव : सत्यदेव

**आमजन से हर घर में तिरंगा लगाने की अपील की गई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान के तहत रविवार को अनगड़ा में भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से बाइक पर तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसकी अगुवाई मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो ने की। तिरंगा यात्रा की शुरूआत अनगड़ा बिरसा पार्क में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यापर्ण के साथ की गई। तिरंगा यात्रा अनगड़ा से गोंदलीपोखर होते हुए मासू मिलन चौक तक जाने के बाद यह वापस अनगड़ा चौक से गुजरते हुए गेतलसूद तक गई। उसके बाद यह यात्रा पूनः अनगड़ा चौक पहुंची। इस दौरान शहीद निर्मल महतो, शहीद राजकुमार महतो एवं शहीद हरखनाथ महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। तिरंगा यात्रा के दौरान कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय जवान जय किसान आदि नारे लगा रहे थे। भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा नें कहा कि भाजपा द्वारा हर घर तिरंगा अभियान 14 अगस्त तक चलेगा। उन्होंने आजादी के अमृत महोत्सव को जश्न के रूप में मनाने और हर घर तिरंगा फहराने की अपील की। इस बाइक तिरंगा यात्रा में सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, कामेश्वर महतो, अजय महतो, रामसाय मुण्डा, नरेश साहू, मनोज चौधरी, राजेश मिश्रा, रितेश उरांव, राजेंद्र महतो, सुनील महतो, धनीराम महतो, गौरी शंकर मुण्डा, अजय सिंह भोगता, संतोष महतो, सुरेश महतो, अजय करमाली, विश्वनाथ मिश्रा, मानेश्वर मुण्डा, परमेश्वर महतो, शंभुनाथ गंझु, हेमनाथ महतो, रामेश्वर महतो, रामचरण पहान, जगेश्वर महतो आदि शामिल हुए।



हर घर तिरंगा यात्रा में शामिल अनगड़ा के भाजपाई।

# लापुंग के विद्यालयों में चोरी का सिलसिला जारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** प्रखंड के देवगांव पंचायत अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा एवं आदिवासी बाल विकास विद्यालय गढ़डीपा में शनिवार की रात ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया गया। इस दौरान सरसा के हाई स्कूल में कंप्यूटर रूम में चोरी का प्रयास किया गया। हालांकि चोरों को सफलता नहीं मिली। वहीं घटना की सूचना पाकर लापुंग पुलिस ने पहुंचकर छानबीन की। इधर, कुछ दिनों से लापुंग प्रखंड के अलग-अलग इलाकों में चोर स्कूलों को निशाना बना रहे हैं। पहले कारुम, उसके बाद करंजटोली, फिर महुगांव क्षेत्र में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। दो दिन पहले दोलैचा पंचायत में एक ही रात तीन स्कूलों में चोरी की घटना हुई थी। इधर, घटना की सूचना मिलते ही विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक बहादुर उरांव सहित अन्य शिक्षक विद्यालय पहुंचे। अभी तक लापुंग पुलिस चोर तक नहीं पहुंच सकी है।

## बस ने धक्के से महिला घायल

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** ओरमांझी थाना के समीप तेज रफ्तार बस ने पैदल जा रही महिला को टक्कर मार दी। उसे गंभीर चोट लगी है। महिला की पहचान रानी ठाकुर के रूप में हुई है। वह चुटुपालु की रहने वाली है। ओरमांझी पुलिस को घटना की जानकारी देने के बाद एम्बुलेंस बुलाकर बेहतर इलाज के लिए सीएचसी डूंन्दे भेज दिया गया है।

# रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं: डॉ निराला



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** रांची के महिलौंग स्थित द्वारिका हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन द्वारिका हॉस्पिटल के संचालक डॉ एसके निराला ने किया। शिविर में कुल 15 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर द्वारिका हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ एसके निराला ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। रक्त देकर जरूरतमंदों का प्राण बचाना बहुत ही बड़ा नेक कार्य है। रक्तदान शिविर में अस्पताल के कर्मचारी व युवाओं ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया। सबसे पहले रक्तदान दीपक कुमार दास, दिवा शंकर पासवान , प्रमिला हंसदा, नीतू कालिंदी समेत लगभग दर्जनों लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शांति खलखो, सोनाली खलखो, प्रीति कुमारी, संध्या कुमारी, मंगल सिंह मुंडा, दिवा पासवान की भूमिका अहम रही।

# मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के तहत मुखिया ने किया मिट्टी संग्रह

**स्वतंत्रता सेनानी स्व सोमरा टाना भगत के नाम से उठाया गया मिट्टी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के तहत रविवार को प्रखंड के बेड़ो व बारीडीह गांव से मुखिया सुशांति भगत के नेतृत्व में अमृत सरोवर के अमृत वाटिका से गांव के पहान सोमरा उरांव व स्वतंत्रता सेनानी की बहू बंधना भगत ने पारंपरिक तरीके से पूजा कर मिट्टी उठाया। मिट्टी से भरे अमृत कलश को मुखिया को सौंपा गया। मुखिया ने कहा कि मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के तहत रविवार को अपने पंचायत क्षेत्र से मिट्टी उठाकर प्रंखड मुख्यालय को सौंप दिया गया है। वहीं, सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 जून को मेरी माटी, मेरा देश अभियान को जारी करने का ऐलान किया था। इस अभियान से हमारे वीर शहीदों को सम्मान दिया जाएगा, ताकि आने वाली पीढ़ी भी शहीदों के बारे में जान सके। इस मौके पर जिप सदस्य पूर्वी पार्वती कुमारी, पंसस राखी भगत, विजय भगत, ग्राम प्रधान बुधवा उरांव व विनोद उरांव आदि उपस्थित थे।



मुखिया को मिट्टी भरा अमृत कलश सौंपते।

# लापुंग के सारंगलोया में भालू ने छह लोगों को काटा, दो गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** लापुंग के सारंगलोया गांव में एक जंगली भालू ने छह लोगों को काटकर घायल कर दिया। घटना रविवार की सुबह 10 से 11 बजे की है। घायलों में दो की हालत गंभीर देख उन्हें रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घायलों की पहचान अजित कोंगड़ी (23), सतीश बरला (25), विनोद बरला (43), जॉन बरला, तरसीना बरला (60), सुखराम गुड़िया (36) शामिल है। इनमें से तरसीना बरला और जॉन बरला को की हालत गंभीर देख रिम्स अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार गांव के बीच विशाल झाड़ी है, जहां लोगों की भीड़ को देखकर आक्रमक हुए भालू ने एक के बाद एक छह लोगों पर हमला कर दिया। वन विभाग के फॉरेस्टर सुभाष प्रमाणिक ने गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को 3000-3000 रुपये व तीन लोगों को 2000-2000 रुपया दिया। इसकी सूचना पाकर लापुंग थाना के एसआई अभिनव कुमार घटना स्थल पर पहुंचकर भालू से छेड़छाड़ नहीं करने और उससे दूर रहने का निर्देश दिया। घायल का इलाज डॉ दिलीप उरांव ने किया। स्वस्थ कर्मी लाल परवीन कुमार व भीम साहू ने प्राथमिक उपचार में सहयोग किया।





# बेंती बाल संस्कार केंद्र के बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर रविवार को बाल संस्कार केंद्र बेंती के बच्चों नें तिरंगा यात्रा निकाली। यह बाल संस्कार केंद्र सेवा भारती गुड़ीडीह जोन्हा की ओर से संचालित हुआ। है। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व केंद्र की शिक्षिका सुमन देवी ने किया। यह तिरंगा यात्रा बेंती गांव के दापूल टोली, बरटांड़, तेतर टोली, महतो टोली आदि में निकाली गई। इस दौरान छोटे-छोटे बच्चे हाथों में तिरंगा लिए भारत माता की जय के नारे लगा रहे थे। मालूम हो कि यह बाल संस्कार केंद्र पिछले पांच वर्षों से चल रहा है। इस केंद्र में बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार भी दिए जाते हैं। केंद्र के माध्यम से समय-समय पर गांव के लोगों को शिक्षा, स्वाथ्य आदि को लेकर जागरूक किया जाता है। इस मौके पर अजय करमाली, देवानंद करमाली, छोटू करमाली, प्रीति कुमारी, नुतन कुमारी, अनु कुमारी, कमलेश करमाली, संदीप मुण्डा, नितेश मुण्डा, सनु मुण्डा, जैकी करमाली, रोशनी कुमारी, रूबी कुमारी, विद्या कुमारी, प्रमोद मुण्डा, कृतन लोहरा आदि मौजूद थे।

## 15 को भारत माता चौक पर पूजन के बाद ध्वजारोहण का निर्णय

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** भारत माता मंदिर में रविवार को संवर्द्धन समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मंदिर के अध्यक्ष राम दुर्लभ सिंह मुंडा ने की। बैठक में 15 अगस्त को भारत माता चौक में 10 बजे भारत माता पूजन के बाद ध्वजारोहण करने का निर्णय लिया गया। इससे पहले भारत माता मंदिर में अखंड भारत दिवस के दिन भारत माता मंदिर के शीर्ष पर भगवा ध्वज लगाया गया और भारत माता जय के नारे लगाये गये। बैठक में भारत माता मंदिर संवर्द्धन समिति के अरूण जैन, प्रमोद कुमार सिंह, अमित उपाध्याय, राजीव झा, मनोज चौरसिया, मानस मिश्रा, शिवराज सिंह, अभय भगत, आलोक दास, राज कुमार महतो, मंयक मिश्रा, संजय मुखर्जी, कृष्णा मांझी और रघु मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# अंतरराष्ट्रीय पैरा थ्रो बॉल खिलाड़ी तारामनी लकड़ा का गांव लौटने पर भव्य स्वागत

**नेपाल और मलेशिया में आयोजित हुई पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में जीता गोल्ड मेडल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** चामा पंचायत के चमरंगा गांव की रहने वाली अंतरराश्ट्रीय पैरा थ्रो बॉल खिलाड़ी तारामनी लकड़ा का नेपाल और मलेशिया में पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत कर वापस गांव पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। तारामनी लकड़ा का चामा चौक पर गांव के लोगों ने मुखिया विश्वनाथ भगत की उपस्थिति में ढोल नगाड़ों के साथ माला पहनाकर स्वागत किया। सभी ग्रामवासी तारामनी लकड़ा को स्वागत करते हुए अपने चमरंगा गांव ले गए। गांव में भी तामानी लकड़ा और उनके साथ आयी एक अन्य महिला खिलाड़ी का पारंपरिक तरीके से तिलक लगाया गया। मुखिया ने कहा कि तारामनी लकड़ा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीत कर अपने गांव के साथ ही झारखण्ड और देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि आगे भी वे देश के लिए खेलते हुए कई मेडल अपने नाम करेगी। गौरतलब हो कि तारामनी लकड़ा ने कुछ माह पूर्व नेपाल और 30 जुलाई को मलेशिया में आयोजित पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता है। इस मौके पर उपमुखिया सुरजदेव मुंडा, पंसस सुनिता मुंडा, वार्ड सदस्य सहित ग्रामीण हरिवंष मुंडा, लालु उरांव, बिरेन्द्र उरांव, चारो उरांव, जगदीश भगत, सुकू उरांव, राजकुमार मुंडा, कोमल उरांव, आंगनबाड़ी सेविका नीता देवी आदि थे।



## महत्वपूर्ण न्यूज

### जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों में अगस्त और सितंबर माह के राशन कटौती से नाराजगी

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** अगस्त और सितंबर महीने में जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को अत्यधिक खाद्यान्न कटौती को लेकर पूरे झारखंड के जनवितरण दुकानदारों में काफी रोष है। दुकानदारों कहना है कि विभाग की ओर से अक्सर भारी मात्रा में राशन की कटौती की जाती है। दुकानदारों को इसकी सूचना तक नहीं दी जाती है। ना ही किस मद से खाद्यान्न की कटौती की गई इसकी जानकारी दी जाती है। इन्हीं बातों को लेकर झारखंड राज्य जनवितरण प्रणाली दुकानदार संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार साहू एवं प्रदेश महासचिव नृपेंद्र कृष्ण महतो ने कहा कि वे लोग 18 अगस्त को विभागीय सचिव और जिला आपूर्ति पदाधिकारी से मुलाकात करेंगे और उनसे खाद्यान्न में होने वाले कटौती को लेकर बात करेंगे। वार्ता के बाद भी विभाग द्वारा कटौती को लेकर जानकारी उपलब्ध नहीं की जाती है तो दुकानदार उग्र प्रदर्शन को मजबूर होंगे।

### जाड़ू पंचायत सभागार में भारत माला परियोजना के अधिकृत रैयतों की बैठक




**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** चाडू पंचायत सभागार में रविवार को भारत माला परियोजना के अधिकृत रैयतों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता चाडू मुखिया रोजलिन लकड़ा ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी रैयतों को 50674 का चार गुणा भुगतान नहीं करने पर एनएचआई को कोई भी कार्य नहीं करने दिया जाएगा। बैठक में 16 गांवों के रैयत शामिल थे। आगामी बैठक 20 अगस्त को होगी।

### ग्रामीणों ने की सड़क किनारे स्थित झड़ियों की सफाई

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** सुरसू जंगल में जोन्हा से गोला जाने वाली सड़क के दोनों किनारे लगभग तीन किलोमीटर तक सफाई किया जायेगा। कुतूरलोवा बराहकोचा से बंधुवाडीह तक झाड़ी काफी बढ़ गई है। जिससे सड़क के आगे दिखाई नहीं देता है। यह जंगल हाथियों का शरणस्थली है। जंगली हाथियों के भोजन की तलास में जंगल से निकलने का यही एक मात्र रास्ता है। विदित हो कि इसी सड़क पर जून महीने में दिन के उजाले में ही एक जंगली हाथी ने एक ऑटो और एक बाइक सवार को कुचला था। तब से लोगों को उस रास्ते से गुजरने में सोचना पड़ता है। यह देख कुतुरलोवा वनरक्षा समिति के सदस्यों ने श्रमदान से सफाई की शुरूआत कर दी है। इस कार्य में सोमरा बेदिया, पूर्व वार्ड सदस्य दिनेश बेदिया, ग्राम प्रधान गनेश बेदिया, डब्ल्यू बेदिया, भीम बेदिया, भगीरथ, सूरज, ह्रदय, परिपद, जरूर, बबलू, संजय, जयसिंह, चैतुराम, जयसवाल, लखीराम, परमेश्वर, सुखलाल, बेली, पर्वत, जयराम, मनोज, अमित, विशाल, संत आदि थे।

रातू प्रखंड स्तरीय अंजुमन कमेटी का चुनाव संपन्न, पांच पद के लिए मैदान में थे 12 दावेदार

# अताउल्लाह सदर और अनिसुल बने सचिव

**90 फीसदी हुआ मतदान, 848 लोगों ने दिया वोट, 40 रद्द**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** प्रखंड के बिजुलिया ईदगाह टंगरा स्थित मदरसा नुरुल उलूम में प्रखंड अंजुमन कमेटी के सदर, सचिव, खजांची, नायब सदर व नायब सचिव के कुल पांच पद का चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। बैलेट पेपर के जरिये सुबह 8 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक मतदान हुआ। चुनाव में फुटकलटोली के रहने वाले अताउल्लाह अंसारी 494 वोट लेकर प्रखंड अंजुमन के सदर बने। उन्होंने शाहिद अंसारी को 155 वोट से हराया। जबकि भोंडा के अनिसुल रहमान ने 361 वोट प्राप्त किया। उन्होंने पंडरा के मुंतजिर को 162 वोट से हराया। इसके अलावा नायब सदर में काठीटांड के अंजुम खान 224 वोट मिला। उन्होंने पीर्रा के आसिफ को 10 वोट से हराया। इसके अलावा उप सचिव पद में फुटकलटोली के मुख्तार अंसारी ने परहेपाट के महफूज को 56 वोट से हराया। मुख्तार को कुल 447 वोट मिले थे। वहीं, खजांची पद के लिए फुटकलटोली के ही दो प्रत्याशी अजमुल हक व सयुप अंसारी मैदान में थे। अजमुल ने 562 वोट लाकर सयुप को 253 वोट से हराया। सयुप को 269 वोट मिले थे। तीन सालों के लिये मान्य इस चुनाव में 27 गांवों में संचालित 36 कमेटियों के सदर व सचिव के लिए मतदान हुआ, जिसमें 900 में से 848 लोगों ने मतदान किया। इसमें चुनाव कमेटी की ओर से 40 वोट रद्द किये गये। चुनाव को लेकर लोग काफी उत्सुक नजर आये। दोपहर एक बजे तक 60 फीसदी से अधिक मतदान हो चुका था। मतदान प्रक्रिया के बाद चुनाव कमेटी के 11 सद्स्ययी टीम की देख रेख में शाम 5 बजे मतपेटी में बंद मतों की मतगणना शुरू की गई और शाम छह बजे चुनाव के नतीजे की घोषणा कर दी गयी। ज्ञात हो कि अंजुमन प्रखंड कमेटी के पांच पद के लिए कुल 12 प्रत्याशी थे। जिसमें सदर पद के लिये दो, सचिव के लिये चार, कोषाध्यक्ष के लिए दो, नायब सदर के लिए दो और नायब सचिव के लिये दो प्रतियाशी मैदान में थ। लोगों ने नवनिर्वाचित कमेटी को माल्यार्पण कर स्वागत किया।



## राजनीति से कोई सरोकार नहीं

कमेटी के लोगों ने बताया कि अंजुमन का उद्देश्य समाज के बच्चों को बेहतर शिक्षा के अलावा मुस्लिमों के उत्थान के लिये बेहतर काम करना है। इसके अलावा केंद्र व राज्य सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाना है। नवनिर्वाचित कमेटी ने लोगों को भरोसा दिलाया कि कमेटी सामाजिक कार्यो में सक्रिय रहेगी। कमेटी का राजनीति से कोई मतलब नहीं रहेगा।

## प्रमुख, उप प्रमुख की रही महत्वपूर्ण भूमिका

प्रखंड में अंजुमन कमेटी का गठन करने में प्रमुख संगीता देवी व उप प्रमुख रेयाजुल हक का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इन्हीं की पहल पर अंजुमन कमेटी बनाने की कवायद शुरू की गई। कई गांवों के लोगों को मिलाकर 12 सद्स्ययी चुनाव कमेटी बनायी गयी और चुनाव संपन्न कराया गया। इस मौके पर अध्यक्ष प्रमुख संगीता देवी, सचिव उप प्रमुख रेयाजुल अंसारी, साबिर अंसारी, जासीम अंसारी, सफीक अंसारी, वसीम अंसारी, आफताब अंसारी, जुमावद्दीन अंसारी, आकिब अंसारी, तजमुल अंसारी, गुलजार, मोबिन अंसारी आदि शामिल थे।

